2012

यू.के.पी.सी.एस. मुख्य परीक्षा - 2012 / UKPCS Mains Exam - 2012

भाषा (पेपर - I) / Language (Paper - I)

निर्धारित समय / Time allowed: तीन घण्टे / Three Hours | पूर्णांक / Maximum Marks: 300

भाग - 1 / Part - 1 | अधिकतम अंक - 20 / Maximum Marks - 20

नोट : इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. मिश्र वाक्य में कितने प्रकार के गौण उपवाक्य होते हैं? उनका उदाहरण सहित उल्लेख कीजिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

2. नीचे लिखे संयुक्त वाक्य का मिश्र वाक्य में परिवर्तन कीजिये : [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

"वे महीने को आते हैं, तो भी कभी मीठे बोल नहीं बोलते।"

3. निम्नलिखित सकारात्मक वाक्य का नकारात्मक वाक्य में परिवर्तन कीजिये : [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

"उसने सब उपाय किये।"

4. निम्नलिखित सामान्य वाक्य का विस्मयादिबोधक वाक्य में अन्तरण कीजिये : [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

"कैसा सुन्दर दृश्य है।"

5. योजक चिह्न का प्रयोग किन स्थितियों में किया जाता है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

6. अर्धविराम चिह्न का निशान बताते हुए, यह स्पष्ट कीजिये कि इसका प्रयोग कब किया जाता है। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

7. नीचे दिये गए वाक्य को शुद्ध कीजिये तथा कारण (अशुद्धि) भी बताइये : [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

"मुझसे यह कार्य संभव नहीं हो सकता।"

8. कारण बताते हुए इस वाक्य का शुद्धीकरण कीजिये : [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

"हम तो अवश्य ही जायेंगे।"

9. 'स्वच्छता अभियान' के लिये दो स्लोगन लिखिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

10. स्लोगन लेखन (नारा) की भाषा किस प्रकार की होनी चाहिये? सोदाहरण स्पष्ट कीजिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 01]

11. पर्यायवाची और समानार्थी शब्द क्या एक ही हैं? 'सदी' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए तथा 'संवेदना' और 'सहानुभूति' शब्दों का सूक्ष्म भेद बताइये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 02]

12. अनेकार्थी शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए 'सारंग' शब्द के दो अनेकार्थी तथा 'निमीलन' का विलोम शब्द लिखिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 02]

13. पारिभाषिक शब्द से क्या तात्पर्य है? पारिभाषिक तथा शब्द युग्म का भेद बताते हुए सोदाहरण स्पष्ट कीजिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 02]

14. 'किताब' तथा 'लता' के समूहवाची शब्द तथा 'जरा' तथा 'कोड़ी' के समरूप किंतु भिन्नार्थक शब्द लिखिये। [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 02]

15. नीचे दिये गए वाक्यांशों के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये एक-एक वाक्यांश लिखिये : [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 02]

(i) वाक्यांश के लिये एक शब्द — 'जो सिद्ध या प्रमाणित न किया जा सके।'

(ii) संक्षिप्ताक्षर — राष्ट्रीय सुरक्षा कानून

CHAHAL IAS

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

भाग - 2 / Part - 2 | अधिकतम अंक - 50 / Maximum Marks - 50

नोट : 1. इस भाग में कुल 11 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।

16. तत्सम और तद्भव शब्दों से क्या अभिप्राय है? दोनों का अंतर स्पष्ट करते हुए, तत्सम से तद्भव हो गए शब्दों के दो उदाहरण प्रस्तुत कीजिये। [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

17. यौगिक और योगरूढ़ शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उनके दो-दो उदाहरण दीजिये। [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

18. निम्नलिखित गलत वर्तनी वाले शब्दों को शुद्ध करते हुए अशुद्धि का उल्लेख भी कीजिये : [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

अनाधिकार, महत्व, निरोग, साक्षात, महंगा

19. उपसर्ग से क्या तात्पर्य है? उपसर्ग एवं प्रत्यय के दो-दो उदाहरण दीजिये। [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

20. पारंपरिक दृष्टि से संधि के कितने भेद हैं? दीर्घ संधि का आशय बताते हुए दो उदाहरण देकर समझाइये तथा 'निधड़क' एवं 'सेनापति' शब्द में कौन सा समास है? बताइये। [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

21. 'वचन' किसे कहते हैं और हिन्दी में वचन के कितने भेद हैं? 'वचन' एवं 'लिंग' के दो-दो उदाहरण दीजिये। [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

22. अर्थ की दृष्टि से क्रियाविशेषण के कितने भेद हैं, उन भेदों का उल्लेख करते हुए तीन उदाहरण दीजिये। [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

23. वाच्य का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिये तथा निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृ वाच्य से कर्म वाच्य में रूपांतरित कीजिये : [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

(i) रचना कविता रचती है।

(ii) द्विज ने अपने अनुज को पीटा।

24. Translate the following into English: [उत्तर सीमा : 20 शब्द | अंक : 02]

जो अपशब्द इन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिपक्षियों के विरुद्ध बोले, वे न तो बोले जा सकने योग्य हैं, न लिखे जा सकने योग्य हैं।

25. Translate the following into Hindi: [उत्तर सीमा : 30 शब्द | अंक : 03]

The meetings of the annual conferences between the Indian and the Russian leaders no longer enthuse. The direction of the bilateral relations has become predictable and lacks in the excitement of the unknown.

26. Rewrite the following passage correctly: [उत्तर सीमा : 50 शब्द | अंक : 05]

The Valley of Flowers is notorious for its attractive sceneries. It is located in an altitude of 3600 meters. It remains cut away from the nearby villages in winters. This breath-taking meadow was situated high above in the Garhwal hills. It is full with rare flowering species and herbs.

भाग - 3 / Part - 3 | अधिकतम अंक - 55 / Maximum Marks - 55

नोट : 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए।

27. Read the following passage carefully and answer the questions given at the end of this passage: [उत्तर सीमा : 125 शब्द | अंक : 10]

Both India and Russia changed phenomenally during the quarter century since the Cold-War ended and the former Soviet Union disappeared—although, paradoxically, the outlook of the two countries bears greater resemblance than before, as they took to globalization. Russia's perennial quest for habitation in a 'Common European Home' resumed, while India's desire for proximity with the West no longer risks rebuff. But appearances can be deceptive in the world of diplomacy. The heart of the matter is that Vladimir Putin's visit, which begins on December 11, is taking place at a period of historical transition in Indian politics, which also happens to coincide with the defining moment in regional and world politics. Suffice it to say, the India-Russia relationship is entering a transformative period by sheer force of circumstances and as characteristic of such periods, it is also time for new thinking.

Questions:

1. What do you understand by the phrase 'Cold-War'?

2. The word 'deceptive' occurs in the passage. Give its synonym.

3. Explain the meaning of 'defining moment'.

4. What is common between India and Russia according to the author?

5. What is the antonym of the word 'resemblance'? In which context is it used in the passage?

28. राजभाषा परिनियमावली (1963-1976) के विभिन्न प्रावधानों का संक्षिप्त में परिचय दीजिये। [उत्तर सीमा : 125 शब्द | अंक : 10]

29. हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण सोदाहरण स्पष्ट कीजिये। [उत्तर सीमा : 125 शब्द | अंक : 10]

——— अथवा ———

हिन्दी खड़ीबोली व्याकरण का मानकीकरण सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।

——— अथवा ———

देवनागरी लिपि का मानकीकरण सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।

——— अथवा ———

हिन्दी उच्चारण का मानकीकरण सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।

30. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों एवं लोकोक्तियों (कहावतों) का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये : [उत्तर सीमा : 125 शब्द | अंक : 10]

(1) ढाई दिन की बादशाहत (2) गिरगिट की तरह रंग बदलना (3) गुदड़ी का लाल (4) खालाजी का घर (5) गुड़ खाये गुलगुलों से परहेज (6) कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली (7) आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास (8) एक पंथ दो काज

31. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [उत्तर सीमा : 125 शब्द | अंक : 15 (5+5+5)]

मूर्ति तैयार हुई। शिल्पी उसे लेकर बाजार गया। पर दुर्भाग्य ! वह न बिकी। अब कौन सा मुँह लेकर घर लौटे। आखिर घर तो लौटना ही था। उसे देखते ही बच्चा 'बताशा बताशा' चिल्लाता हुआ दौड़ा और उसके आगे उसने हाथ फैला दिये। शिल्पी के मुँह से कोई शब्द न निकला। वह बच्चे को अपनी गोद में लेकर रोने लगा। जिसने पूंजीवाद की सृष्टि की थी, जिसने प्रकृति के भंडार पर एकाधिकार की व्यवस्था की थी, जिसने भू के पग-पग का बँटवारा किया था, क्या उसकी बुद्धि यहाँ तक पहुँची थी

CHAHAL IAS

कि किसी दिन मानव संसार ऐसा हो जायेगा कि कुछ लोग सुमन-शय्या पर आराम से लेटे-लेटे मेवा-मिष्ठान्न उड़ाया करेंगे और कुछ लोग पसीने के रूप में दिन-रात रक्त बहाने पर भी मुट्ठी भर चने तक न पा सकेंगे?

उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिये (तथा उपयुक्त शीर्षक एवं रेखांकित अंश की व्याख्या लिखिए)।

भाग - 4 / Part - 4 | अधिकतम अंक - 175 / Maximum Marks - 175

नोट : 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिये अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिये।

3. निबंध लेखन हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में से किसी एक भाषा में किया जा सकता है।

32. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [उत्तर सीमा : 250 शब्द | अंक : 15 (2+5+8)]

ऋतुराज बसन्त के आगमन से ही शीत का भयंकर प्रकोप भाग गया। पतझड़ में पश्चिम पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्तों को गिराकर लताकुंजों, पेड़-पौधों को स्वच्छ और निर्मल बना दिया। वृक्षों और लताओं के अंग में नूतन पत्तियों के प्रस्फुटन से यौवन की मादकता छा गयी। कनेर, मदार, पाटल इत्यादि पुष्पों की सुगंधि दिग्दिगन्त में अपनी मादकता का संचार करने लगी। न शीत की कठोरता, न ग्रीष्म का ताप। समशीतोष्ण वातावरण में प्रत्येक प्राणी की नस-नस में उत्फुल्लता और उमंग की लहरें उठ रही हैं। पत्तों के अधरों पर सोया हुआ संगीत मुखर हो गया है। पलाश-वन अपनी अरुणिमा में फूला नहीं समाता। ऋतुराज बसन्त के सुशासन और सुव्यवस्था की छटा हर ओर दिखायी पड़ती है। कलियों के यौवन की अंगड़ाई भ्रमरों को आमन्त्रण दे रही है। अशोक के अग्नि वर्ण के कोमल एवं नवीन पत्ते वायु के स्पर्श से तरंगित हो रहे हैं। शीतकाल के ठिठुरे अंगों में नयी स्फूर्ति उमड़ रही है। बसन्त के आगमन के साथ ही जैसे जीर्णता और पुरातन का प्रभाव तिरोहित हो गया है। प्रकृति ने बसन्त के आगमन पर अपने रूप को इतना सँवारा है, अंग-अंग को इतना सजाया है और रचा है कि उसकी शोभा का वर्णन असम्भव है। उसकी उपमा नहीं दी जा सकती।

(क) ऊपर लिखे गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिये।

(ग) उपर्युक्त गद्यांश के रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिये।

33. कार्यालय आदेश से क्या अभिप्राय है? इसके आवश्यक गुणों को दर्शाते हुए किसी एक विभाग से संबंधित कार्यालय आदेश का उदाहरण प्रस्तुत कीजिये। [उत्तर सीमा : 250 शब्द | अंक : 20]

34. निम्नलिखित इन्टर्नेट संबंधी शब्दावली में से किन्हीं दो का परिचय दीजिये : [उत्तर सीमा : 250 शब्द | अंक : 10]

(i) डी एन एस सर्वर (DNS Server)

(ii) ई-मेल (e-mail)

(iii) होम पेज (Home Page)

(iv) यूजर नेम (User Name)

(v) वेब ब्राउजर (Web Browser)

35. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करते हुए हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिये : Write an Essay on any one of the following topics in Hindi OR English Language: [उत्तर सीमा : लगभग 500 शब्द | अंक : 55]

(i) देवभूमि उत्तराखंड का सांस्कृतिक महत्त्व / Cultural importance of Devbhoomi Uttarakhand

(ii) उत्तराखंड के विकास में वन संपदा का महत्त्व / The importance of forest resources for the development of Uttarakhand

CHAHAL IAS

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460

(iii) उत्तराखंड का लोकसाहित्य / Folklore of Uttarakhand

(iv) महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से उत्तराखंड की चुनौतियाँ / The challenges for Uttarakhand in view of women empowerment

36. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करते हुए हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिये : Write an Essay on any one of the following topics in Hindi OR English Language: [उत्तर सीमा : लगभग 700 शब्द | अंक : 75]

(i) भारतीय अर्थव्यवस्था विकास की ओर उन्मुख है / Indian Economy towards Development

(ii) भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम : चुनौतियाँ और संभावनाएँ / Indian Space Programme: Challenges and Possibilities

(iii) विश्व में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव / Effect of Climate Change on the Globe

(iv) भारतीय लोकतंत्र का वर्तमान परिप्रेक्ष्य / Indian Democracy: The Current Scenario

(v) संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अंतर्राष्ट्रीय शांति / United Nations Organization and International Peace

CHAHAL IAS

For Free Mentorship Session Call/Whatsapp on: 8287776460